|| ॐ साईं राम ||



When one wishes to cross the ocean, one must have faith in the navigator, similarly, to cross the samsaric ocean one must have faith in the Guru.


**Year-** 17 **Issue-** 45
Ghaziabad, Sunday, 05 April- 2026

05 April to 11 April- 2026

**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.in

Email: editor@tbam.co.in


Page 2



Page 6



Page 8



## पीएचसी प्रहलाद गढ़ी में गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित







**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित पीएचसी प्रहलाद गढ़ी में रहम फाउंडेशन एवं जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के लिए नियमित पोषण आहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस पहल के तहत प्रत्येक माह की 1, 9, 16 एवं 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं को पोषण प्रोटीन पूरक आहार एवं जूस वितरित किए जाते हैं।

यह सेवा अप्रैल 2025 से निरंतर संचालित हो रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराना तथा मातृ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

यह कार्यक्रम गाजियाबाद इंदिरापुरम परिवार रोटरी क्लब के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें इंदिरापुरम गैलोर रोटरी क्लब, दिल्ली लेगेसी रोटरी क्लब, गाजियाबाद ग्रीन रोटरी क्लब, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल रोटरी क्लब, गाजियाबाद सनरेज रोटरी क्लब, गाजियाबाद सैफरन रोटरी क्लब, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट रोटरी क्लब, सोनीपत एजुकेशन सिटी रोटरी क्लब, हापुड़ एलीट रोटरी क्लब, दिल्ली प्रीत विहार रोटरी क्लब एवं हापुड़ प्लेटिनम रोटरी क्लब का सक्रिय सहयोग रहा।

यह इस श्रृंखला का 59वां पोषण वितरण कार्यक्रम रहा, जो सभी सहभागी संस्थाओं की मातृ स्वास्थ्य, सामुदायिक सेवा एवं निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कार्यक्रम में रोटेरियन डॉ. धीरज भार्गव (पूर्व अध्यक्ष, इंदिरापुरम गैलोर रोटरी क्लब), विक्रम सिंह (रहम फाउंडेशन टीम), डॉ. गौरव आनंद (पीएचसी केंद्र) तथा रमेन्द्र सहित पीएचसी के अन्य चिकित्सा एवं सहयोगी कर्मचारी उपस्थित रहे।

आयोजकों के अनुसार गर्भवती महिलाओं के लिए यह पोषण आहार वितरण कार्यक्रम रहम फाउंडेशन, जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन एवं सहयोगी रोटरी क्लबों का एक प्रमुख एवं सतत सेवा अभियान है। इसका उद्देश्य जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को नियमित पोषण उपलब्ध कराना, सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देना तथा स्वस्थ गर्भावस्था सुनिश्चित करना है।

## रहम ने रोटरी क्लबों के साथ मिलकर गौशाला में गौवंशों को खिलाया हरा चारा









**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** आरएचएएम फाउंडेशन तथा जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से इंदिरापुरम स्थित भारत गौशाला, कनवानी में गायों एवं बैलों के लिए हरा चारा वितरण का नियमित सेवा कार्यक्रम निरंतर संचालित किया जा रहा है।

यह सेवा परियोजना अक्टूबर 2025 से प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में हरा चारा वितरण




का 23वां सप्ताह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जो पशु कल्याण के प्रति रोटरी संगठनों की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कार्यक्रम का नेतृत्व रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद केसरिया, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम परिवार, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट, रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत एजुकेशन सिटी, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलीट, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीत विहार तथा रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनम की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम में आरएचएएम फाउंडेशन से रोटेरियन मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली लेगेसी से रोटेरियन अजय चौधरी एवं रोटेरियन विद्या त्यागी, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद ग्रीन के अध्यक्ष रोटेरियन संदीप अग्रवाल, रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गलोर के पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन प्रतीक भार्गव तथा आरएचएएम फाउंडेशन की टीम से विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

आयोजकों के अनुसार यह सेवा अभियान भारत गौशाला में आश्रित गायों एवं बैलों को नियमित पोषण उपलब्ध कराने तथा पशु कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर चलाया जा रहा है। रोटरी संगठनों द्वारा इस सेवा कार्य को आगे भी जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# Editorial

## Bengal's 'Hostage' Justice

Such violent mayhem erupted in the Malda district of West Bengal that it robbed the country's Chief Justice, Justice Surya Kant, of his sleep. He remained awake until 2:00 AM—well past midnight—striving to ensure the safe release of seven judicial officers who had been taken hostage. Among those officers were three women. The Chief Justice contacted the Chief Justice of the Calcutta High Court. The Chief Justice, in turn, called the State Chief Secretary, the Home Secretary, and the Director General of Police, urging them to secure the release of the captive officers. They were given "assurances," yet no concrete action was taken. The country's Chief Justice has noted that, as late as 11:00 PM, the District Magistrate (DM) and Senior Superintendent of Police (SSP) of Malda had still not reached the scene. The officers had been taken hostage around 3:30 PM. During that intervening period of 8–9 hours, any untoward incident could have occurred! A mob numbering in the thousands stood outside the office, highly agitated and enraged. They were armed with sticks, clubs, and stones. The mob smashed cars, set them ablaze, and pelted stones. By no stretch of the imagination was this an expression of democracy. It was not merely hooliganism, but a scene of dangerous lawlessness—a veritable "jungle raj." Ultimately, Justice Surya Kant was compelled to issue a verbal order, following which security forces successfully secured the safe release of the judicial officers. The Supreme Court has issued "show-cause notices" to the State Chief Secretary, Home Secretary, Director General of Police, the Head of Police for Law and Order, the area's Police Commissioner, and the District DM and SSP, directing them to appear before the Court online on April 6. We do not consider this sufficient. While it is possible that legal proceedings typically unfold in this manner, the manner in which the mob attacked judicial officers—holding them hostage for nearly nine hours—constitutes, to all intents and purposes, a democratic disgrace, a brazen assault on justice and law and order, and a criminal obstruction of public servants in the discharge of their duties. Chief Justice Justice Surya Kant himself has acknowledged that this is no ordinary incident, but rather a conspiracy and an act of criminal contempt. Yet, everyone seems to be speaking the language of politics. In essence, this constitutes a psychological assault on judicial officers.

**Manisha Bhargava**

# "Everyone got a taste of the maturity he has with the bat," Brad Haddin on Cooper Connolly ahead of Punjab Kingsl clash against Chennai Super Kings

**Prateek Bhargava**



**Chennai.** Punjab Kings Assistant Coach Brad Haddin praised the composure and maturity shown by Cooper Connolly ahead of Punjab Kingsl upcoming away fixture against Chennai Super Kings at MA Chidambaram Stadium on 3 April.

Speaking about Connollyls impact, Haddin said, "Welve known about Cooper Connolly in Australia for some time. We were pretty keen to get him early in the auction and spoke early in our preparation about bringing him in before everyone could get a real look at how good he was."

"I think everyone got a taste of the maturity he has with the bat and saw the way he controlled the innings in the first game. It was his first IPL game under pressure with things going on around him, but welve known about that ability for a long time and I think everyone got the opportunity to see his skills."

Providing an update on Shreyas Iyer who was injured in the previous match, Haddin said, "Therels no break (in the bone), which is a good thing. Now itls just about getting the swelling down and getting the movement back in the hand, so he should be right for tomorrow."

Speaking about Xavier Bartlettls development, Haddin said, "If you look closely at Xavier Bartlettls game, hels improved a lot over the last 12 months. He started predominantly as a new-ball bowler, but hels developed a really good game at the end of an innings as well."

He added, "His batting has come a long way over the last 12 months. Hels a reliable lower-order hitter now, and we saw that when the pressure was on in the last game."

Speaking about the squad balance, Haddin said, "Welve got great flexibility in our squad. Welve spent a lot of time over the last two years trying to get that balance right so we can cover different surfaces in the IPL."

On assessing the conditions at the venue, he added, "Welll look at all the numbers around the surface here. Therels a lot of data on how it plays and whether you need to play an extra spinner. The wicket has become a bit flatter over time, and therels more grass on it at the moment than welve seen previously, so welll probably make a judgement call after training today. But as I said before, welre very lucky with the flexibility in our squad, so welre not too worried about what surface welll get."

Reflecting on the teamls start to the tournament, Haddin said, "Welre very happy. Itls important to get your tournament started in the right way. Therels room for improvement in what we did in the first game, but welre very pleased with the way the game panned out in the end."

# Yuvraj Singh lauds AM Green IGPL's team format as squads are announced for ten high-powered franchises

## Union Minister for Tourism, Gajendra Singh Shekhawat, hails AM Green IGPL's commitment to mobilise US$2 billion in golf and tourism

**Prateek Bhargava**



**New Delhi.** The AM Green India Golf Premier League (IGPL) today announced the complete squads for all ten of its franchises in New Delhi. The finalisation of the ten squads marks a defining moment in IGPL's journey for professional golfers from across the globe as they join their respective teams for the season.

The teams were announced at a glittering function at The Oberoi, New Delhi, by cricket legend Yuvraj Singh and the CEO of the IGPL, Uttam Singh Mundy. As Mundy highlighted the need to promote golf to boost both player development and tourism in India, Yuvraj hailed the team component in a sport that has traditionally been an individual game.

Amidst the announcements, Shri Gajendra Singh Shekhawat, Union Minister for Tourism, Government of India, extended his heartfelt congratulations to the IGPL for its landmark commitment to mobilise US$2 billion in investment towards the development of world-class golf tourism destinations across India. The Minister described the commitment as a watershed moment for Indian sports tourism and a resounding endorsement of India's emergence as a high-value global destination.

Speaking on the occasion, Union Minister Shekhawat said: "The Indian Golf Premier League's pledge to bring two billion dollars of investment into golf tourism infrastructure is not merely a sporting initiative—it is a strategic contribution to Brand India. Nations like Mauritius, Vietnam, and South Africa have demonstrated how golf can transform landscapes into internationally coveted destinations, attracting high-net-worth visitors and year-round tourism revenue. IGPL is now positioning India to lead that story in Asia.

"Prime Minister Modi's vision of Viksit Bharat 2047 demands that we build infrastructure that attracts global capital and creates enduring employment."

15 events in 2026

The season will feature 15 events; ten will be held in India across the franchises' respective home cities, and five will be held internationally. The first three international venues will include Mauritius, South Africa, and Congo later this month.

Each team consists of four players. At each event, players will compete for individual prizes from a pool of ₹1.5 crore while simultaneously representing their team. The two best scores from each team every day will count towards the team placings. Points will be accumulated over the season, at the end of which the top three teams will be decided and rewarded. Yuvraj Singh, Co-founder of IGPL, said: "The team component will make the game exciting with its fast pace. I am thrilled by the plans to grow the game, which holds so much potential." Uttam Singh Mundy, CEO of IGPL, said: "We are hosting 15 events spread out over the year. The periods between IGPL events will allow our players to compete in international events on the International Series, Asian Tour, and other global Tours. Our goal is to see them reach the highest levels, including the International Series and the LIV Golf League."

# नये माह में जिलाधिकारी ने प्रार्थियों को दी खुशियों की सौगात

## जनता दर्शन या दायित्वों का निर्वहन करते समय मानवीय संवेदना अवश्य रखें: रविन्द्र कुमार मॉदड़

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, जीडीए, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिकारियों को शासन के मंशा अनुरूप त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के आदेश दिये। इसी क्रम में मुख्यमंत्री महोदय के निदेर्शानुसार ह्लजनता दर्शनह्व / जनसुनवाई की सीधे सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश से लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। जिलाधिकारी महोदय ने जनमानस की सुविधा हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया हुआ



है कि सभी कार्य दिवस में सुबह 10 से 12 बजे जन शिकायतें सुनेंगे और उनके साथ जूम पर लाइव रहेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया एवं जूम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें शिकायतों से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए। जनता से अपील, शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारी से मिलें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ना होने पर जिलाधिकारी से मिलें।

जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी महोदय रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने पूर्व में आए प्रार्थियों की झोली खुशियों से भर दी और कहा कि यदि आपको कोई पीड़ित, मजबूर, निराश्रित, बेसहाय व्यक्ति मिलें तो उसे प्रशासन के पास भेजें, हम उसकी सहायता अवश्य करेंगे। आज रामप्रसाद सिंह जिन्होने जिलाधिकारी महोदय को अपनी पत्नी के कैंसर, पथरी व दिल की बीमारी से पीड़ित होना बताया। जिनका यशोदा हॉस्पिटल में ईलाज चल रहा था, पैसे की कमी/तंगी के चलते अब घर पर बीमारियों का दुःख झेल रही है। जिलाधिकारी महोदय ने इन्हें 40,000 रुपए की सहायता रेड क्रास सोसाइटी से करने की स्वीकृति दी थी, जिसका चैक जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदान किया गया।

वहीं दिव्यांगजन अनिल कुमार निवासी चन्द्रपुरी गाजियाबाद ने जिलाधिकारी महोदय से राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं व्यवसाय बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूटी दिलाने हेतु प्रार्थना की थी, जिलाधिकारी महोदय से उन्हें सभी योजनाओं का लाभ दिलवाया और आज उन्हें हमदर्द नेशनल फाउडेंशन (इंडिया) दिल्ली के सौजन्य से एक स्कूल दिलवाई।

इसके साथ ही अंकुर शर्मा निवासी महिन्द्रा इन्कलेव शास्त्री नगर, गाजियाबाद 2020 में हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से गम्भीर घायल हो गया था, जिस कारण उसके उपचार के चलते उनके परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा था, जिलाधिकारी महोदय ने उनकी बड़ी बहन को एज्यूकेशन लोन व उनकी 10 व 12वीं की फीस जमा करवाते हुए उनकी शिक्षा सम्बंधित समस्या का निराकरण कराया और भविष्य में अन्य समस्या के निदान का भी आश्वासन दिया। जनता दर्शन के दौरान जीडीए सचिव विवेक मिश्र, सिटी मजिस्टेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, एडीएम ई ज्योति मौर्या, एडीएम एल/ए अवनीश सिंह सहित अन्य अधिकारीण उपस्थित रहे।

# 300 करोड़ से बनेंगी सड़कें, ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी में बनेगा आधुनिक फायर स्टेशन




**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत के साथ ही गाजियाबाद जिले में विकास कार्यों को गति देने की तैयारी तेज हो गई है। जिला प्रशासन ने बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर सड़क निर्माण और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से जिलेभर में नई सड़कों का निर्माण और क्षतिग्रस्त मार्गों का पुनर्निर्माण कराया जाएगा, जबकि लोनी क्षेत्र की ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी में अत्याधुनिक फायर स्टेशन की स्थापना की दिशा में निविदा प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। यह जानकारी बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित उद्योग बंधु की बैठक में अधिकारियों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को दी गई।

बैठक में जिले के औद्योगिक और शहरी विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि जिले में बढ़ते यातायात दबाव और औद्योगिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर सड़क निर्माण कार्य कराए जाएंगे। नई सड़कों के निर्माण के साथ ही जर्जर मार्गों की मरम्मत भी प्राथमिकता पर होगी, जिससे आवागमन सुगम बने और औद्योगिक क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके।

इसके साथ ही ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी में लंबे समय से प्रस्तावित फायर स्टेशन निर्माण की प्रक्रिया को भी गति दी गई है। अधिकारियों के अनुसार निविदा प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। फायर स्टेशन बनने से लोनी और आसपास के क्षेत्रों में आपातकालीन सेवाओं की प्रतिक्रिया समय में उल्लेखनीय सुधार होगा। उद्योग बंधु की बैठक के दौरान साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी गंभीर शिकायत भी सामने आई। उद्योग प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से रुपये लेकर सरकारी भूमि पर मीट की दुकानों और कबाड़ खरीद केंद्रों को संचालित कराया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित व्यक्ति के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि औद्योगिक क्षेत्रों में अवैध कब्जे और अनियमित गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। सीडीओ ने कहा कि उद्योगों के सुचारु संचालन के लिए पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था और सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करना बेहद आवश्यक है। जिन विकास परियोजनाओं का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए। इसके अलावा यदु गैस एजेंसी के पास स्थित पार्क भूमि की पैमाइश को लेकर भी निर्देश जारी किए गए। संबंधित विभागों को उपजिलाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर समयबद्ध तरीके से मापी कार्य पूर्ण करने को कहा गया, ताकि भूमि से जुड़े विवाद समाप्त किए जा सकें। नए वित्तीय वर्ष में विकास परियोजनाओं को लेकर प्रशासन की सक्रियता से यह संकेत मिल रहा है कि गाजियाबाद में आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और औद्योगिक वातावरण को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। आने वाले महीनों में इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से शहर के यातायात, सुरक्षा और औद्योगिक विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।



# पीएम सूर्या घर योजना से गाजियाबाद के परिवारों की बदली किस्मत : सीडीओ

**प्रतीक भार्गव**

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पीएम सूर्या घर योजना के अंतर्गत जनपद गाजियाबाद में अत्यंत सकारात्मक और लाभकारी परिणाम सामने आ रहे हैं। इस योजना के तहत घरों पर सौर ऊर्जा पैनल लगवाने वाले उपभोक्ताओं को बिजली बिल में बड़ी राहत मिल रही है और वे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

मुख्य विकास अधिकारी के अनुसार योजना का लाभ लेने वाले कई परिवारों के बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है।



## लाभार्थियों की सफलता की कहानियाँ

**सुनीता (गांधी नगर, गाजियाबाद)**

सुनीता ने अपने घर पर 4 किलोवाट का सौर ऊर्जा पैनल लगवाया। पहले उनका बिजली बिल लगभग 8,000 से 9,000 रुपये आता था, जो अब घटकर लगभग 1,500 रुपये रह गया है। इससे उन्हें बड़ी आर्थिक राहत मिली है।

**लाल बहादुर (दयानंद नगर/नेहरू नगर, गाजियाबाद)**

लाल बहादुर ने 3 किलोवाट का सौर ऊर्जा कनेक्शन लिया। पहले उनका बिजली बिल 6,000 से 7,000 रुपये आता था, जो अब घटकर लगभग 700 से 800 रुपये रह गया है।

**जितेन्द्र (रईसपुर, गाजियाबाद)**

जितेन्द्र ने 5 किलोवाट का सौर ऊर्जा पैनल लगवाया। पहले उनका बिजली बिल 10,000 से 12,000 रुपये के बीच आता था, जो अब घटकर लगभग 2,500 से 3,000 रुपये हो गया है।

**चांद सुल्ताना (मिजार्पुर, प्रताप विहार, गाजियाबाद)**

इमरान ने 3 किलोवाट का सौर ऊर्जा कनेक्शन लिया। पहले उनका बिजली बिल 6,000 से 7,000 रुपये आता था, जो अब घटकर लगभग 200 से 300 रुपये रह गया है।

**पूनम शर्मा (सीतापुरी, विद्यानगर, गाजियाबाद)**

देवेंद्र ने अपनी पत्नी पूनम शर्मा के नाम से 3 किलोवाट का सौर ऊर्जा पैनल लगवाया। पहले उनका बिजली बिल 9,000 से 10,000 रुपये आता था, जो अब घटकर लगभग 1,200 से 1,500 रुपये रह गया है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस योजना की प्रमुख विशेषताएं हैं—

सरकार द्वारा सौर ऊर्जा पैनल पर अनुदान दिया जाता है। योजना के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ऋण सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे आम नागरिक आसानी से सौर पैनल लगवा सकते हैं। बिजली बिल में कमी के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलता है।

## आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज

आधार कार्ड
बिजली बिल
बैंक पासबुक
पासपोर्ट आकार का फोटो
मोबाइल नंबर

अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नेडा कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है या नियंत्रण कक्ष नंबर 7065381846 पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य विकास अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करें। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कानपुर किडनी कांड- बेहोशी से ट्रांसप्लांट तक तय थी पूरी मेडिकल चेन, कई डॉक्टर रडार पर

**टीबीसी संवाददाता**

**कानपुर/गाजियाबाद।** देश को हिलाकर रख देने वाले चर्चित किडनी ट्रांसप्लांट कांड में गिरफ्तारी के बाद नए-नए खुलासे सामने आ रहे हैं। कानपुर पुलिस की पूछताछ में गाजियाबाद के ओटी टेक्नीशियन राजेश कुमार और कुलदीप सिंह राघव ने अवैध किडनी ट्रांसप्लांट नेटवर्क की पूरी कार्यप्रणाली का खुलासा किया है। पूछताछ में सामने आया कि ऑपरेशन से पहले मरीजों को बेहोश करने से लेकर किडनी निकालने और प्रत्यारोपण तक हर चरण के लिए अलग-अलग विशेषज्ञों की टीम काम करती थी। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े डॉक्टरों और सहयोगियों की तलाश में कई राज्यों में दबिश दे रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि कथित एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. रोहित ऑपरेशन के दौरान मरीजों को बेहोश करने की जिम्मेदारी संभालता था। वहीं दिल्ली के द्वारका क्षेत्र से आने वाला डॉ. अली किडनी निकालने और लगाने का मुख्य काम करता था। उसके साथ एक अन्य डॉक्टर, दो असिस्टेंट और मेडिकल स्टाफ की टीम रहती थी। आरोपियों ने बताया कि जनवरी से अब तक पांच अवैध किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन किए जा चुके हैं। ऑपरेशन के दौरान मेडिकल टीम पूरी तैयारी के साथ आती थी और काम खत्म होने के बाद तुरंत शहर छोड़ देती थी, जिससे पहचान से बचा जा सके।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार ओटी टेक्नीशियन डॉक्टर रोहित के बारे में सीमित जानकारी ही दे सके हैं, जिसके चलते जांच एजेंसियां अब उसके ठिकानों की तलाश में जुटी हैं। गाजियाबाद के सुदामापुरी निवासी राजेश कुमार से पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने विस्तृत पूछताछ की। राजेश ने बताया कि वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सर्वोदय अस्पताल में ओटी मैनेजर के पद पर कार्यरत था और करीब 70 हजार रुपये मासिक वेतन पाता था। अस्पताल फरीदाबाद के कारोबारी राकेश गुप्ता का बताया जा रहा है। राजेश के अनुसार करीब तीन वर्ष पहले वैशाली स्थित एक अस्पताल में आयोजित सेमिनार के दौरान उसकी मुलाकात डॉ. रोहित से हुई थी। ओटी संचालन में उसकी विशेषज्ञता से प्रभावित होकर डॉ. रोहित ने उसे अपने साथ काम करने का प्रस्ताव दिया। बाद में कुलदीप सिंह राघव के साथ वह इस नेटवर्क से जुड़ गया। सर्वोदय अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि राजेश ने हाल ही में नौकरी छोड़ दी थी और बुधवार उसका अंतिम कार्य दिवस था। वहीं शांति गोपाल अस्पताल के निदेशक डॉ. संजय गर्ग ने कहा कि कुलदीप की गिरफ्तारी की जानकारी उन्हें मीडिया रिपोर्ट्स से ही मिली और वह सामान्य कर्मचारी की तरह काम करता था। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन के लिए डॉक्टरों की टीम हवाई मार्ग से लाई जाती थी। चकेरी एयरपोर्ट पर फ्लाइट से पहुंचने वाली टीम का पूरा खर्च उस पैकेज में शामिल होता था, जो किडनी रिसीवर से वसूला जाता था। डीसीपी पश्चिम के अनुसार ऑपरेशन में पांच से छह घंटे का समय लगता था। देर रात ऑपरेशन समाप्त होने के बाद मेडिकल टीम सड़क मार्ग से अलग-अलग स्थानों के लिए रवाना हो जाती थी ताकि किसी को शक न हो। ट्रांसप्लांट के बाद पांच सदस्यीय टीम को लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे पर उतारा गया था, जहां रेलबाजार क्षेत्र का चालक अजय यादव उन्हें लेकर गया। चालक ने पूछताछ में बताया कि कार में बैठे लोग दमन-दीव यात्रा की चर्चा कर रहे थे, जिससे पुलिस को नेटवर्क के बाहरी कनेक्शन की भी आशंका हुई है।

# जीडीए ने अवैध विवाह मंडप किया ध्वस्त





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने गुरुवार को गोविन्दपुरम क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से निर्मित विवाह मंडप को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। प्रवर्तन जोन-03 प्रभारी के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने ग्राम सदरपुर स्थित खसरा संख्या-1600, रोड नंबर-1 गोविन्दपुरम में प्रीतम फार्म हाउस के समीप लगभग 5000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से बनाए गए विवाह मंडप पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि निर्माण बिना प्राधिकरण की स्वीकृति के किया गया था। ध्वस्तीकरण के दौरान स्थानीय निर्माणकताओं और संबंधित लोगों ने कार्रवाई का विरोध किया, जिससे कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि मौके पर मौजूद स्थानीय पुलिस बल और प्राधिकरण पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए अभियान को सुचारु रूप से जारी रखा और अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर, मेट, स्थानीय पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि शहर में अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जीडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति निर्माण कराने वालों पर भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्रवाई की जाएगी, ताकि शहर में नियोजित विकास और कानून व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# स्मार्ट मीटर बने सिरदर्द- भुगतान के बाद भी नहीं लौटी बिजली, सर्वर ठप होने से बढ़ी परेशानी

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में स्मार्ट मीटर व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए सुविधा के बजाय परेशानी का कारण बनती जा रही है। विद्युत निगम द्वारा शहरी क्षेत्रों में पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर तो लगा दिए गए, लेकिन तकनीकी खामियों और सर्वर फेल होने की समस्या के कारण हजारों उपभोक्ता बिजली बिल जमा करने के बावजूद अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। भुगतान अपडेट न होने, बैलेंस दिखने के बाद भी बिजली कटने और गलत बिल जारी होने जैसी शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही हैं। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से रोजाना विद्युत निगम कार्यालयों और हेल्पलाइन पर शिकायतों की बाढ़ आ रही है, लेकिन उपभोक्ताओं को संतोषजनक समाधान नहीं मिल पा रहा है। स्मार्ट मीटर सिस्टम की सबसे बड़ी समस्या सर्वर अपडेट न होना बन गई है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने समय पर रिचार्ज किया, लेकिन मीटर में भुगतान अपडेट नहीं हुआ और बिजली आपूर्ति बंद रही। कुछ मामलों में उपभोक्ताओं ने बिजली चालू कराने के लिए दो-दो बार रिचार्ज तक कर दिया, फिर भी समस्या जस की तस बनी रही। स्थानीय निवासी रीमा सक्सेना ने बताया कि उनके स्मार्ट मीटर में पर्याप्त बैलेंस मौजूद होने के बावजूद दो दिनों से घर की बिजली कटी हुई है। शिकायत दर्ज कराने के बाद भी समाधान नहीं मिला। अंततः उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1912 पर शिकायत की, जहां से केवल आश्वासन ही मिला। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी नाराजगी जताते हुए लिखा कि लंबे समय तक सर्वर बंद रहने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। तकनीकी खामियों के कारण कई उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। विकास अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने पहले एक बार हजारों रुपये का रिचार्ज किया, लेकिन भुगतान अपडेट न होने पर दोबारा रिचार्ज करना पड़ा। इसके बावजूद मीटर में बैलेंस नहीं दिखा और बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि भुगतान की पूरी जानकारी विद्युत निगम को देने के बाद भी समस्या हल नहीं हुई। इसी तरह राहुल चौधरी ने बताया कि हाल ही में उनके घर स्मार्ट मीटर लगाया गया था। शुरूआती दिनों में ही गलत बिजली बिल जारी कर दिया गया। शिकायत के बाद बिल संशोधित हुआ, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से भारी-भरकम गलत बिल भेज दिया गया। उन्होंने बिजली विभाग और संबंधित अधिकारियों को सोशल मीडिया पर टैग करते हुए शिकायत दर्ज कराई।



उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने का उद्देश्य पारदर्शिता और सुविधा बढ़ाना था, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में भ्रम और परेशानी ही बढ़ रही है। स्मार्ट मीटर लागू होने के बाद से शहर में शिकायतों की संख्या तेजी से बढ़ी है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि तकनीकी व्यवस्था पूरी तरह तैयार किए बिना स्मार्ट मीटर लागू कर दिए गए, जिससे आम लोगों को लगातार मानसिक और आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि जब तक सर्वर, बिलिंग सिस्टम और तकनीकी सहायता व्यवस्था मजबूत नहीं की जाती, तब तक स्मार्ट मीटर व्यवस्था सफल नहीं हो सकती। लोग मांग कर रहे हैं कि विद्युत निगम तत्काल तकनीकी खामियों को दूर करे, लंबित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करे और गलत बिलिंग तथा भुगतान अपडेट से जुड़ी समस्याओं का स्थायी समाधान निकाले।

# अब पासपोर्ट सेवा पहुंचेगी आपके शहरः आरपीओ की मोबाइल वैन पहल से हजारों नागरिकों को राहत

## मेरठ, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में विशेष पासपोर्ट मोबाइल वैन अभियान शुरू

**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विदेश मंत्रालय, भारत सरकार की जनसेवा आधारित नीतियों को धरातल पर उतारते हुए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद ने एक सराहनीय पहल की शुरूआत की है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप (भारतीय विदेश सेवा) के नेतृत्व में मेरठ, सहारनपुर और मुजफ्फरनगर के नागरिकों को पासपोर्ट सेवाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराने के लिए विशेष 'पासपोर्ट मोबाइल वैन अभियान' चलाया जा रहा है। यह अभियान न केवल प्रशासनिक संवेदनशीलता का उदाहरण बन रहा है, बल्कि आम नागरिकों के लिए सरकारी सेवाओं को सरल और सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम भी माना जा रहा है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 7 से 9 अप्रैल तक डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र मेरठ, 15 से 17 अप्रैल तक सहारनपुर तथा 28 से 30 अप्रैल तक मुख्य डाकघर मुजफ्फरनगर में पासपोर्ट मोबाइल वैन तैनात की जाएगी। इस व्यवस्था के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को लंबी दूरी तय किए बिना पासपोर्ट संबंधी सेवाएं प्राप्त हो सकेंगी। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप ने बताया कि वर्तमान समय में पासपोर्ट की मांग लगातार बढ़ रही है। शिक्षा, रोजगार, पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय अवसरों के विस्तार के कारण बड़ी संख्या में नागरिक पासपोर्ट बनवाना चाहते हैं। ऐसे में अपॉइंटमेंट की प्रतीक्षा अवधि कम करना और लोगों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विशेष अभियान विदेश मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है, जिसका मूल उद्देश्य सरकारी सेवाओं को नागरिकों तक पहुंचाना है, न कि नागरिकों को सेवाओं के लिए भटकने पर मजबूर करना। उनकी कार्यशैली में 'ईज ऑफ सर्विस डिलीवरी' की स्पष्ट झलक दिखाई देती है, जहां तकनीक, पारदर्शिता और संवेदनशील प्रशासन का संतुलित समन्वय देखने को मिलता है। अनुज स्वरूप ने कहा कि क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लगातार ऐसे नवाचारों पर कार्य कर रहा है जिससे पासपोर्ट आवेदन प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल बन सके। मोबाइल वैन अभियान इसी सोच का परिणाम है।

● **लंबी दूरी और अपॉइंटमेंट की परेशानी खत्म, स्थानीय स्तर पर मिलेंगी सभी सेवाएं**



पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पासपोर्ट आवेदकों को अक्सर अपॉइंटमेंट उपलब्ध न होने या दूरस्थ केंद्रों तक जाने की समस्या का सामना करना पड़ता था। इस स्थिति को समझते हुए क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने जमीनी स्तर पर समीक्षा कर मोबाइल वैन सेवा लागू करने का निर्णय लिया। इस पहल से हजारों आवेदकों को राहत मिलने की उम्मीद है। मोबाइल वैन में बायोमेट्रिक सत्यापन, दस्तावेज जांच और आवेदन प्रक्रिया से संबंधित सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इससे आवेदन की प्रक्रिया तेज होगी और नागरिकों को अनावश्यक देरी से मुक्ति मिलेगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह अभियान भविष्य में अन्य जिलों तक भी विस्तारित किया जा सकता है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप की कार्यशैली को कर्मचारियों और नागरिकों के बीच विशेष रूप से सराहा जा रहा है। उन्होंने कार्यालय व्यवस्था में तकनीकी सुधार, समयबद्ध निस्तारण और नागरिक संवाद को प्राथमिकता दी है। आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुनने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की उनकी कार्यप्रणाली प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण मानी जा रही है। उनके नेतृत्व में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय गाजियाबाद ने सेवा गुणवत्ता सुधार, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में कई प्रभावी कदम उठाए हैं। यही कारण है कि पासपोर्ट सेवाओं के प्रति नागरिकों का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। अनुज स्वरूप ने नागरिकों से अपील की है कि वे आधिकारिक वेबसाइट www.passport india.gov.in पर ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक कर इस विशेष अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर पात्र नागरिक तक समय पर पासपोर्ट सेवा पहुंचाना है और प्रशासन इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शुरू हुआ यह विशेष अभियान प्रशासनिक नवाचार, जवाबदेही और जनहितकारी शासन की एक सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत करता है।

पासपोर्ट सेवाओं को आम जनता के द्वार तक पहुंचाने की यह पहल आने वाले समय में सुशासन का एक आदर्श मॉडल बन सकती है।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के बाद सामुदायिक पावर हाउस के रूप में जाने जाएंगे सिद्दी पहलवान

## सिद्दी समुदाय के पहलवानों द्वारा खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में जीते गए तीन स्वर्ण और एक रजत पदक की बदौलत कर्नाटक ने शानदार प्रदर्शन किया

**टीबीसी संवाददाता**

**अंबिकापुर (छत्तीसगढ़)।** 'प्रतिभा को किसी परिचय की जरूरत नहीं होती'- यह कहावत 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' में सच साबित हुई, जहां कर्नाटक के 'सिद्दी समुदाय' के पहलवानों ने मैट पर अपनी जबरदस्त छाप छोड़ी है। उनकी यह सफलता अब सिर्फ.पदकों तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह पूरे समुदाय के कुश्ती के क्षेत्र में एक ताकत के तौर पर उभरने का प्रतीक है। अफ्रीकी मूल के भारत में लगभग 50,000 सिद्दी लोग रहते हैं, जिनमें से एक-तिहाई कर्नाटक में निवास करते हैं। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में कर्नाटक के 9 पहलवानों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 4 सिद्दी समुदाय से थे। इन चार पहलवानों में से तीन ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि एक को रजत पदक मिला। स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवानों में मनीषा जुआवा सिद्दी (76 किग्रा), रोहन एम डोड़ामणि (ग्रीको रोमन 60 किग्रा) और प्रिंसिता पेदरू फर्नांडिस सिद्दी (68 किग्रा) शामिल हैं जबकि शालिना सेयर सिद्दी (57 किग्रा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इन पहलवानों की सफलता न सिर्फ उनके संघर्ष और मेहनत की कहानी कहती है, बल्कि कुश्ती जैसे खेलो में सिद्दी समुदाय के बढ़ते वर्चस्व को भी दिखाता है। कर्नाटक के इन चारों पहलवानों का दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में ट्रायल हुआ था और वहां भी ये पहले नंबर पर रहे थे। सिद्दी समुदाय के प्रदर्शन से कर्नाटक कुश्ती टीम की कोच ममता बेहद गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। ममता ने कहा, " जैसे हमारे देश में कुश्ती में हरियाणा का दबदबा है तो ठीक वैसे ही हमारे राज्य में अहलियाल क्षेत्र का कुश्ती में वर्चस्व रहता है। राज्य में डिपार्टमेंट ऑफ यूथ एंड डेवलपमेंट एंड सेंटर मुख्य रूप से इन्हीं सिद्दी समुदाय के लिए है। इनके बच्चे यहीं पर ट्रेनिंग करते हैं। पिछले कुछ समय से इन समुदाय के लोगों के अंदर कुश्ती का क्रेज बढ़ा है और वे अब अपने बच्चों को कुश्ती में भेजने लगे हैं। उत्तरी कर्नाटक के धारवाड़ जिले से आने वाले पुरुष पहलवान रोहन एम. डोड़ामणि भी इसी समुदाय से आते हैं। डोड़ामणि की मां सरकारी स्कूल में खानी पकाती हैं जबकि पिता का छह साल पहले ही देहांत हो चुका है। रोहन ने कहा, 'सिद्दी समुदाय के अंदर हर समय-समय छोटे दंगल होते रहते हैं और जो इनमें जितता है, उन्हें ज्यादा से ज्यादा पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाता है।




खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में स्वर्ण जीतने से पहले मैं सीनियर नेशनल चैंपियनशिप, नेशनल गेम्स और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भी भाग ले चुका हूं।"देश में खिलाड़ियों के अंदर छिपी प्रतिभा की पहचान करने और उन्हें एक बेहतर मंच देने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और खेल मंत्रालय ने मिलकर 2018 में खेलो इंडिया यूथ गेम्स की शुरूआत की थी। उसके बाद खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और अब खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की शुरूआत हुई है। साई के टैलेंट डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य महा सिंह राव कहते हैं, " साई और खेल मंत्रालय की तरफ से हम कम उम्र के प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान करते हैं ताकि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जो सपना है कि 2036 ओलंपिक खेल भारत में हो, उस सपने को साकार करने के लिए ये सरकार की रणनीति का एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री के अलावा खेल मंत्री, साई और हम इस सपने को साकार करने में लगे हुए हैं कि आगे आने वाले ओलंपिक खेलों में हम ज्यादा से ज्यादा मेडल जीते।" उत्तर कन्नड़ कारवार जिले से आने वाली शालिना सेयर सिद्दी ने इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने के बाद कहा, " हमारे समुदाय में कुश्ती को लेकर अब लोग दिलचस्पी लेने लगे हैं। मैंने अपने अंकल के कहने पर कुश्ती शुरू की थी और शुरू से ही वह मुझे ट्रेनिंग देते आ रहे हैं। मैंने इस प्रतियोगिता के लिए मेहनत तो पूरी की थी, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था और मैं स्वर्ण जीतने से चूक गई।" कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ कारवार जिले से ही आने वाली प्रिंसिता सिद्दी ने कहा, " शुरूआत में मुझे कुश्ती में दिलचस्पी नहीं थी और मैं बहुत रोई थी। लेकिन फिर धीरे-धीरे जब हमारे समुदाय के बच्चे इसमें भाग लेने लगे तो उन्हें देखकर मैं भी प्रैक्टिस करने लगी। यहां तक पहुंचने के लिए मैं शाम-सुबह दो-दो घंटे प्रैक्टिस करती हूं। मुझे इंटरनेशनल लेवल पर मेडल लाना है और इसके लिए मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं।" इन पहलवानों की सफलता इस बात को सिद्ध करती है कि जब सही मंच, ट्रेनिंग और सपोर्ट मिलता है, तो दूरदराज के समुदायों से भी प्रतिभाएं शिखर तक पहुंच सकती हैं और भारत के खेल भविष्य को आकार दे सकती हैं।

# हनुमान जन्मोत्सव पर आस्था का सागर उमड़ा, संत-महात्माओं व जनप्रतिनिधियों ने की पूजा-अर्चना





**टीबीसी संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिद्धपीठ प्राचीन श्री हनुमान मंदिर, चौपला में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव ने भक्ति, श्रद्धा और विश्वास की अनूठी मिसाल कायम कर दी। सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता तथा दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की अध्यक्षता और पावन सानिध्य में आयोजित इस भव्य आयोजन से पूरा शहर हनुमानमय हो उठा।

देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान राम के परम भक्त संकटमोचक हनुमान जी के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह ऐसा रहा कि बुधवार रात्रि 12 बजे के बाद से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। प्रातः 4 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही चौपला बाजार सहित दिल्ली गेट, सिहानी गेट, नवयुग मार्केट, घंटाघर और रमते राम रोड तक भगवान राम, हनुमान जी और भगवान शिव के जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। श्रद्धालुओं की कतारें सिहानी गेट पुलिस चौकी तक पहुंच गईं और भक्तों को दर्शन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा, फिर भी श्रद्धा और उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने विधि-विधान के साथ भगवान राम और हनुमान जी की पूजा-अर्चना एवं अभिषेक किया।

महंत गिरिशानंद गिरि महाराज ने आरती संपन्न कराई, जबकि मुख्य पुजारी ईश्वर पंडित, पुजारी अनुपम और पंडित रामलाल ने भोग अर्पित कराया। इस अवसर पर कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, स्वामी नलिनानंद गिरि महाराज, सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा तथा राष्ट्रवादी शिवसेना एवं हिंदू यूनाइटेड फ्रंट के अध्यक्ष जयभगवान गोयल ने भी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि सिद्धपीठ प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में साक्षात बजरंगबली विराजमान हैं और यहां सच्चे मन से की गई पूजा से भक्तों के सभी संकट दूर होते हैं तथा जीवन सुख-समृद्धि से भर जाता है।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर और चौपला बाजार को दिव्य स्वरूप दिया गया। पार्षद राजीव शर्मा और उनकी टीम द्वारा 55 देशों के फूलों से मंदिर की आकर्षक सजावट और बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाजार क्षेत्र भी भक्ति रंग में रंगा नजर आया।

मंदिर में भक्तों का आगमन बुधवार रात से लेकर गुरुवार देर रात तक लगातार जारी रहा। शिव कुमार, पवन कुमार शाह, ऋषभ कुमार मिश्रा, अर्जुन, यथार्थ बंसल, यश मोहन गर्ग, लक्की, साहिल, कृष्णा गर्ग, कृष्णा गुप्ता, हर्षित, पुष्कर सहित बाजार के व्यापारियों और हनुमान भक्तों के सहयोग से आयोजन ऐतिहासिक रूप ले सका। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने सभी सहयोगियों और भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रद्धा, सेवा और सामूहिक प्रयास ही ऐसे आयोजनों को सफल बनाते हैं।

# Nation's Think Tank Playground Business Magazine Unveiled at Global Business Connect & Awards 2026





















**Prateek Bhargava**

**New Delhi.** In a spectacular confluence of ideas, innovation, and global entrepreneurship, the much-anticipated Playground Business Magazine—hailed as the nation's emerging think tank for business leaders—was officially launched at the prestigious Global Business Connect & Awards 2026, held at the luxurious Crowne Plaza New Delhi.The grand event witnessed an impressive gathering of industry stalwarts, international dignitaries, entrepreneurs, and changemakers, marking a significant milestone in India's evolving business and media landscape.The event was meticulously curated and hosted by Ankit Kaushik, Founder of Brandman India, who has consistently been at the forefront of creating impactful platforms that bridge business, media, and leadership.

Under his leadership, the event reflected a seamless blend of intellectual exchange, recognition, and global networking.The evening was graced by an illustrious panel of chief guests and distinguished personalities who added immense value and prestige to the event. Among them was celebrated Bollywood actor Sudesh Berry, whose cinematic legacy and powerful presence resonated with the audience. Joining him was globally respected media educator and industry leader Sandeep Marwah, Founder of AAFT and Marwah Studios, who emphasized the growing importance of media, creativity, and entrepreneurship in shaping modern economies.Adding an international flair to the event was acclaimed Ukrainian model Elizabeth, whose presence symbolized the global outreach and inclusivity of the platform.The highlight of the evening was the grand unveiling of Playground Business Magazine, envisioned as more than just a publication—it is positioned as a "think tank" for the nation's business minds. The magazine aims to bring together powerful narratives, expert insights, startup stories, leadership perspectives, and strategic frameworks that can inspire, educate, and empower entrepreneurs at every stage.With a focus on innovation, disruption, and scalable growth, the magazine is set to become a hub for thought leadership—bridging the gap between emerging entrepreneurs and established industry leaders. It seeks to amplify voices that are shaping the future of business, while also providing actionable knowledge that drives real-world impact.A major highlight of the Global Business Connect & Awards 2026 was the felicitation ceremony, where outstanding entrepreneurs and business leaders were honored for their exceptional contributions to their respective industries. Awardees from across India, Sri Lanka, Nepal, and Dubai were recognized, showcasing the event's expansive international reach.From startups and MSMEs to established enterprises, individuals were awarded for innovation, leadership, social impact, and business excellence. The awards not only celebrated success stories but also highlighted the resilience, creativity, and vision that define modern entrepreneurship.Beyond recognition, the event served as a powerful networking platform, enabling meaningful interactions among entrepreneurs, investors, industry experts, and media professionals. Attendees engaged in insightful discussions around emerging market trends, global business opportunities, digital transformation, and the future of entrepreneurship.Speakers at the event emphasized the need for collaborative ecosystems where knowledge sharing and strategic partnerships can drive sustainable growth. The cross-border participation further reinforced the idea that business today is no longer confined by geography, but powered by global connectivity.

The Global Business Connect & Awards 2026 successfully positioned itself as a premier platform that not only celebrates excellence but also contributes to strengthening India's entrepreneurial ecosystem. By bringing together diverse perspectives and fostering dialogue, the event played a crucial role in encouraging innovation and enterprise development.The launch of Playground Business Magazine adds a new dimension to this vision—serving as an ongoing medium to continue these conversations, share insights, and build a community of forward-thinking leaders.With its grand success at Crowne Plaza New Delhi, the event has set a new benchmark in the business and awards ecosystem.

The synergy between global participation, impactful recognition, and the launch of a visionary publication signals a promising future for such platforms.As Playground Business Magazine begins its journey, it is poised to become a powerful voice in the business world—documenting success, inspiring innovation, and shaping the narratives of tomorrow's leaders.The evening concluded on a high note, leaving attendees inspired, connected, and motivated—ready to contribute to a future driven by ideas, collaboration, and excellence.Adding another highlight to the event, an exclusive podcast featuring Sudesh Berry was recorded on the sidelines of the event. The podcast was hosted by Rohan Sharma, a senior journalist and PR personality, known for his impactful conversations and industry insights.The engaging discussion covered Sudesh Berry's journey in the entertainment industry, evolving media landscapes, and his perspective on success, discipline, and reinvention. The podcast is expected to be released soon across digital platforms, offering audiences a deeper glimpse into the actor's experiences and thoughts beyond the stage.

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जनपद गौतम बुद्ध नगर के विकास को मिलेगा नया आयाम

## एक लाख करोड़ से अधिक संभावित योगदान के साथ 'यूपी का जेवर' बनेगा आर्थिक प्रगति का इंजन

डॉ धीरज कुमार भार्गव






**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के विकास पथ पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित यह अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट राज्य को वैश्विक कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए 'नए उत्तर प्रदेश' की उड़ान का प्रतीक बनेगा और 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को गति देगा।

### एयरपोर्ट की प्रमुख विशेषताएं

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की प्रारंभिक क्षमता लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों प्रति वर्ष है, जिसे भविष्य में 7 करोड़ तक बढ़ाया जाएगा। कार्गो क्षमता प्रारंभिक 2.5 लाख टन से बढ़ाकर 15 लाख टन तक की जाएगी। एयरपोर्ट को एक्सप्रेसवे, बस और मेट्रो जैसी मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी से जोड़ा गया है। डिजियात्रा आधारित डिजिटल सुविधाएं, एमआरओ, लॉजिस्टिक्स हब, वेयरहाउसिंग और ग्रीन एनर्जी आधारित नेट जीरो डिजाइन इसकी विशेषताएं हैं।

### जनपद गौतम बुद्ध नगर पर प्रभाव

इस एयरपोर्ट से जनपद गौतम बुद्ध नगर को व्यापक लाभ मिलेगा। ओडीओपी उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलेगा। स्थानीय उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलेगी। निवेश और औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी, जिससे युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। बेहतर कनेक्टिविटी से पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा।

### आर्थिक प्रभाव

यह परियोजना प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 1 लाख करोड़ से अधिक का योगदान देने की क्षमता रखती है। कार्गो और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश के विभिन्न जनपद 'लोकल से ग्लोबल' की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी

जेवर एयरपोर्ट को यमुना एक्सप्रेसवे सहित अन्य प्रमुख मार्गों से जोड़ा गया है। प्रस्तावित मल्टी-मॉडल ट्रांजिट हब के माध्यम से आवागमन और अधिक सुगम होगा, जिससे पूरे एनसीआर क्षेत्र को लाभ मिलेगा।

### जनभावनाएं

स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और उद्यमियों ने इसे क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उनका कहना है कि इससे रोजगार, निवेश और व्यापार के नए अवसर खुलेंगे और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदेश में समावेशी, संतुलित और तीव्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जो उत्तर प्रदेश को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाएगा।

# कम्पोजिट विद्यालय में सेनेटरी पैड वितरण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित







मनीषा भार्गव

**गाजियाबाद।** नगर साहिबाबाद स्थित कम्पोजिट विद्यालय (गौतम स्कूल) में रहम फाउंडेशन एवं सोनीपत एजुकेशन सिटी के संयुक्त तत्वावधान में सेनेटरी पैड वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 1000 सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण किया गया तथा छात्राओं और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

यह कार्यक्रम नगर पार्षद हिमांशु चौधरी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से उनके वार्ड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न रोटरी क्लबों का भी सराहनीय सहयोग रहा, जिनमें इंदिरापुरम परिवार रोटरी क्लब, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल रोटरी क्लब, गाजियाबाद सनरेज रोटरी क्लब, दिल्ली प्रीत विहार रोटरी क्लब, दिल्ली लेगेसी रोटरी क्लब, गाजियाबाद ग्रीन रोटरी क्लब, हापुड़ एलीट रोटरी क्लब, हापुड़ प्लेटिनम रोटरी क्लब, गाजियाबाद सैफरन रोटरी क्लब, इंदिरापुरम गैलोर रोटरी क्लब तथा गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट रोटरी क्लब शामिल रहे।




रहम फाउंडेशन ने वर्ष 2025-26 में 2,00,000 सेनेटरी पैड वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें से अब तक 1,25,000 सेनेटरी पैड वितरित किए जा चुके हैं। इस पहल का उद्देश्य समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।कार्यक्रम के दौरान धीरज कुमार भार्गव (अध्यक्ष एवं संस्थापक, रहम फाउंडेशन), विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती साइड्स कुमारी तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

आयोजकों के अनुसार रहम फाउंडेशन और सहयोगी रोटरी क्लबों का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा को सर्वोपरि रखते हुए स्वास्थ्य और जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य करना है।

# पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक बनीं प्रेरणा की मिसाल





प्रीतक भार्गव

**नई दिल्ली।** भारत की प्रसिद्ध दिव्यांग खिलाड़ी दीपा मलिक ने अपने अदम्य साहस और संघर्ष से खेल जगत में विशेष पहचान बनाई है। गोला फेंक और भाला फेंक के साथ-साथ तैराकी तथा मोटर दौड़ में भी उन्होंने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

सन 2016 समर पैरालम्पिक में गोला फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर उन्होंने इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि के साथ वह पैरालंपिक में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनीं।

30 वर्ष की आयु में तीन ट्यूमर की शल्यक्रियाओं के बाद उनके शरीर का निचला हिस्सा सुन्न हो गया था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और खेलों में सक्रिय रहकर नई मिसाल कायम की। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दीपा मलिक ने 33 स्वर्ण और 4 रजत पदक अपने नाम किए हैं।

वर्ष 2008 और 2009 में यमुना नदी में तैराकी तथा विशेष मोटर साइकिल सवारी में भाग लेकर उन्होंने दो बार लिमका बुक ऑफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया। इसके अलावा 2007 में ताइवान और 2008 में बर्लिन में आयोजित प्रतियोगिताओं में भाला फेंक और तैराकी में रजत तथा कांस्य पदक भी प्राप्त किए।

उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए भारत सरकार ने उन्हें अर्जुन अवार्ड तथा राजीव गांधी खेल रत्न से सम्मानित किया। दीपा मलिक की सफलता आज देशभर के खिलाड़ियों और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

## 3600 वर्गमीटर में बस रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त

**गाजियाबाद।** अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने मुरादनगर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए विकसित की जा रही एक अनधिकृत कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर प्रवर्तन जोन–02 की टीम द्वारा की गई। जीडीए अधिकारियों के अनुसार ग्राम सरना, मुरादनगर स्थित खसरा संख्या–602, 603 और 605 की भूमि पर करीब 3600 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी।

# रहम ने महानवमी व रामनवमी पर किया भण्डारे का आयोजन

## गन्ने का रस, बिस्किट व ब्रेड पकोड़ों का किया वितरण

**डॉ धीरज कुमार भार्गव**

**गाजियाबाद।** महा नवमी एवं राम नवमी के पावन अवसर पर समाज सेवा के तहत गन्ने का रस, बिस्किट एवं ब्रेड पकोड़ा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में इंदिरापुरम गैलोर रोटरी क्लब के साथ रहम फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 1000 लोगों ने गन्ने के रस का लाभ लिया, साथ ही 250 ब्रेड पकोड़े एवं 1000 बिस्किट का वितरण किया गया।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद एवं निम्न वर्ग के लोगों को सहायता प्रदान करना तथा समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा देना रहा।

इस अवसर पर डॉ. धीरज कुमार भार्गव (अध्यक्ष एवं संस्थापक, रहम फाउंडेशन), श्रीमती मनीषा भार्गव (कोषाध्यक्ष, रहम फाउंडेशन एवं इंदिरापुरम गैलोर), डॉ. प्रीति नंदी (रोटरी क्लब गाजियाबाद सैफरन), श्रीमती कोमल भार्गव (सचिव, गाजियाबाद सैफरन) एवं आरटीएन संजय जैन (रोटरी क्लब गाजियाबाद मेट्रो) की गरिमामयी उपस्थिति रही।


रहम फाउंडेशन एवं इंदिरापुरम गैलोर रोटरी क्लब द्वारा प्रत्येक वर्ष ऐसे 10 भंडारों का आयोजन किया जाता है, जिससे समाज के निम्न वर्ग के लोगों को निरंतर लाभ मिलता है और सेवा का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।








# भारत गौशाला कनवानी में हरा चारा वितरण का 24वां सप्ताह, पशु सेवा का अनूठा उदाहरण





**मनीषा भार्गव**

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित भारत गौशाला कनवानी में रहम फाउंडेशन और जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 12 रोटरी क्लबों के सहयोग से गायों एवं बैलों के लिए हरा चारा वितरण का सेवा कार्यक्रम निरंतर संचालित किया जा रहा है।

अक्टूबर 2025 से प्रत्येक बुधवार को चल रही इस सेवा परियोजना के अंतर्गत हरा चारा वितरण का 24वां सप्ताह भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पहल के माध्यम से गौवंश को नियमित पोषण उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही समाज में पशु सेवा और संवेदनशीलता का संदेश भी दिया जा रहा है।

इस सेवा अभियान का नेतृत्व गाजियाबाद ग्रीन रोटरी क्लब द्वारा किया गया। कार्यक्रम में इंदिरापुरम गैलोर रोटरी क्लब, गाजियाबाद सैफरन रोटरी क्लब, दिल्ली लेगेसी रोटरी क्लब, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल रोटरी क्लब, गाजियाबाद सनरेज रोटरी क्लब, इंदिरापुरम परिवार रोटरी क्लब, गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट रोटरी क्लब, सोनीपत एजुकेशन सिटी रोटरी क्लब, हापुड़ एलीट रोटरी क्लब, दिल्ली प्रीत विहार रोटरी क्लब तथा हापुड़ प्लेटिनम रोटरी क्लब का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम में रोटेरियन मनीषा भार्गव (रहम फाउंडेशन), रोटेरियन अजय चौधरी (दिल्ली लेगेसी), रोटेरियन विद्या त्यागी (दिल्ली लेगेसी), रोटेरियन संदीप अग्रवाल (अध्यक्ष, गाजियाबाद ग्रीन), रोटेरियन प्रतीक भार्गव (पूर्व अध्यक्ष, इंदिरापुरम गैलोर), रहम फाउंडेशन टीम से विक्रम सिंह तथा भारत गौशाला की टीम से दिनेश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।






इस अवसर पर सभी सदस्यों ने कहा कि पशु सेवा समाज की नैतिक जिम्मेदारी है और इस प्रकार के सेवा कार्यों को आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

आयोजकों के अनुसार यह हरा चारा वितरण कार्यक्रम रहम फाउंडेशन, जिला रोटरी स्वास्थ्य जागरूकता मिशन एवं सहयोगी रोटरी क्लबों की एक सतत सेवा परियोजना है, जिसका उद्देश्य गौशाला में आश्रित गायों और बैलों को नियमित पोषण उपलब्ध कराना तथा पशु कल्याण को बढ़ावा देना है।

Printed and Published by Manisha Bhargava at Nutan Offset Printing Press, House N.o- 9, Maliwara, Ghaziabad. 201001 and Published at Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.). **Editor:** Manisha Bhargava, **Sub Editor:** Dheeraj Kumar** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** 101248 (UPBIL/2009/28691), **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Mob. 98105 22380, 98718 95198. Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.